हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–61 : जौनपुर, शुक्रवार 28 अक्टूबर 2022 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी ने बताया कानून व्यवस्था का यूपी मॉडल : अपराधी या तो जेल में या मारे गए

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में संगठित अपराध पूरी तरह से खत्म हो चुका है। अपराधी या तो जेल में हैं या मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। वे हरियाणा के फरीदाबाद के सूरजकुंड में हुए राज्यों के गृह मंत्रियों के दो दिवसीय चिंतन शिविर में बोल रहे थे।उन्होंने प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था के यूपी मॉडल के बारे में बताया। कहा, पिछले पांच वर्षों में चार मुख्य बिंदुओं पर काम किया गया है। इसमें भर्ती–प्रशिक्षण, पुलिस का आधुनिकीकरण, पुलिस कर्मियों की अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि और चुनौतियों को देखते हुए गृह मंत्रालय से समन्वय शामिल हैं। इससे कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में कामयाबी मिली है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से संगठित अपराध समाप्त हो चुका है। प्रदेश में माफिया और अन्य अपराधियों की 44.59 अरब की संपत्ति जब्त या ध्वस्त की गई है। ऐसी अवैध संपत्ति का जब्तीकरण कर उन पर बालिकाओं के लिए कॉलेज और निर्बल वर्ग के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। इससे समाज में बेहतर संदेश गया है। अदालतों में मजबूत पैरवी कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई गई है। अब यूपी में त्योहार, मेले और जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं।



महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस की व्यापक कार्रवाई से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना जागृत हुई है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सजा दिलाने में यूपी को देश में पहला स्थान मिला है।

## वृंदावन के एक आश्रम के समीप दो महिलाओं के शव मिलने से सनसनी : जांच में जुटी पुलिस

मथुरा ब्यूरो : वृंदावन में आश्रम के समीप शुक्रवार की सुबह दो महिलाओं के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिलाओं की मौत कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस जांच में जुटी है। तीर्थनगरी की संत कॉलोनी में एक आश्रम है। शुक्रवार की सुबह आश्रम से करीब 100 मीटर दूरी पर दो महिलाओं के शव मिले। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर मामले की जांच शुरू कर दी। दोनों महिलाओं की पहचान 61 वर्षीय चंपा गुप्ता निवासी लखनऊ और 68 वर्षीय सुशीला देवी निवासी बिहार के रूप में हुई है। हालांकि अभी तक महिलाओं की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। आश्रम प्रबंधन पर लगा आरोप स्थानीय लोगों ने इन महिलाओं की मौत का जिम्मेदार एक आश्रम प्रबंधन को बताया। बाबा मनमोहन दास ने बताया कि आश्रम में महिलाओं



की सेवा, भोजन वितरण आदि सेवाओं का प्रचार प्रसार तो खूब किया जाता है, लेकिन आश्रम में कथा सुनने आने वाले भक्तों के विश्राम की कोई व्यवस्था तक नहीं की जाती है। आरोप है कि आश्रम में रात में श्रद्धालुओं को रुकने तक नहीं दिया जाता। आश्रम के लोग महिलाओं को पीटकर बाहर भगा देते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को बाहर सोना पड़ता है। वृंदावन कोतवाली प्रभारी सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया कि मृतकों के परिवारवालों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर आयुक्त ने घाटों का किया निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आगामी छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर आयुक्त अविनाश सिंह द्वारा आज राप्ती तट स्थित गुरु गोरक्षनाथ घाट, रामघाट एवम लालडिग्गी पार्क में



नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय श्रीवास्तव उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला, जोनल अधिकारी एन0डी0 पांडेय एवम अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। गुरु गोरक्षनाथ घाट एवम रामघाट बरसात के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने से पूरी तरह से डूब गए थे जिससे यहाँ पर वर्तमान में बहुत ज्यादा मात्रा में मिट्टी एवम कीचड़ जमा हो गया है, जिसे पोकलेन या जेसीबी लगाकर हर हाल में 28 अक्टूबर तक हटवाने हेतु क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया। छठ पर्व पर लोगो की सुरक्षा के लिए दोनों घाटों पर पानी के अंदर बैरिकेडिंग कराने हेतु जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा रामघाट एवम गोरक्षनाथ घाट पर श्रद्धालुओं के लिए लाइट की समुचित व्यवस्था करने हेतु सहायक अभियंता पथप्रकाश को निर्देशित किया गया।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक तथा हिंदी कार्यशाला का आयोजन संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजभाषा के प्रचार प्रसार हेतु उत्तर रेलवे,लखनऊ मंडल द्वारा मंडल स्तर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत सहायक मंडल इंजीनियर(मुख्यालय), चारबाग, लखनऊ के कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन श्री राकेश श्रीवास्तव,सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने दैनिक सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। बैठक की संयोजिका श्रीमती सेवाती देवी ने बताया कि उनके कार्यालय में पास/पीटीओ तथा छुट्टी के आवेदन–पत्र हिंदी में प्राप्त होते हैं तथा इन्हें हिंदी में ही बनाया जाता है। उपस्थिति रजिस्टर में नाम/पदनाम हिंदी में लिखे हुए हैं तथा रेलकर्मियों द्वारा हस्ताक्षर हिंदी में किए जाते हैं साथ ही पत्राचार में हिंदी का प्रयोग किया जाता है एवं कंप्यूटर से निकाले जाने वाले अधिकतर पत्र हिंदी में बनाए जाते हैं। बैठक में श्री राकेश श्रीवास्तव, सहायक मंडल इंजीनियर/मु. ने बैठक में उपस्थित सदस्यों से कहा कि वे हिंदीदृअंग्रेजी/द्विभाषी रूप में बनाई गई मोहरों का ही प्रयोग करें, जिसमें पहले हिंदी उसके बाद अंग्रेजी का प्रयोग किया गया हो और दोनों भाषाओं के शब्दों का आकार एक समान हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बोर्ड और सूचना पट्ट हिंदीदृअंग्रेजी/द्विभाषी रूप में लगाए गए हैं तथा जहां कहीं भी बोर्ड आदि बदलने हों या नए लगाए जाने हों वहाँ भी इन्हें इसी रूप में लगाया जाना सुनिश्चित किया



जाए। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि यदि निरीक्षणकर्ता अपनी रिपोर्ट हिंदी में बनाएँ तो अन्य कर्मचारी न केवल उस निरीक्षण रिपोर्ट में उजागर की गई कमियों को भली प्रकार समझ सकेंगे, बल्कि उस रिपोर्ट के आधार पर अपनी कार्यशैली में भी वांछित सुधार शीघ्र ही ला सकेंगे। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी निरीक्षण भी किया जाए। इससे भी हिंदी के प्रयोग–प्रसार को बल मिलेगा। इस बैठक में मंडल कार्यालय के राजभाषा विभाग से आयी प्रतिनिधि ने उपस्थित कर्मियों को विभागीय परीक्षाओं में राजभाषा से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों के संबंध में राजभाषा के संवैधानिक प्रावधानों तथा नियमों की जानकारी दी।सहायक मंडल इंजीनियर(मुख्यालय), चारबाग, लखनऊ के कक्ष में पदासीन अधिकारी बोर्ड तथा व्यस्तता पट्ट इत्यादि हिंदी में लगे हैं,जोकि अन्य कार्यालय प्रमुखों के लिए भी अनुकरणीय है। इस बैठक में सभी से यह भी आग्रह किया गया कि वे सभी मंडल की राजभाषा पत्रिका 'सारंग' के लिए अपने तकनीकी लेख शीघ्र उपलब्ध कराएं।

## सुबेहा क्षेत्र में जर्जर दीवार ढहने से दो मासूम समेत तीन की मौत : चार गंभीर रूप से घायल

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी जिले में सुबेहा व देवा थाना क्षेत्र में दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर दो बच्चों समेत तीन की मौत हो गई, जबकि चार घायल हुए हैं। हादसों के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। सुबेहा थाना क्षेत्र के भभूतगढ़ी मजरे मंगौवा निवासी बुधवार बृहस्पतिवार की रात अपने बच्चों के साथ छप्पर के नीचे सोए थे। सुबह देखा कि जिस दीवार पर छत पर रखा था वह भरभरा कर गिर पड़ी है। आनन फानन ग्रामीणों के सहयोग से मलबा हटाया गया, मगर तब तक नैना (4) की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल 6 वर्षीय रवि को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया मगर उसकी भी मौत हो गई। इससे पहले बृहस्पतिवार की देर रात देवा थाना क्षेत्र में दीवार गिरने से एक युवती की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, धरमपुर मजरे मोहनपुर गांव निवासी प्रताप बली रावत की बेहटा चक के बैरागीपुर निवासी 30 वर्षीय पुत्री साविता और लखनऊ के बख्शी का तालाब निवासी 25 वर्षीय पुत्री गायत्री भैया दूज के मौके पर अपने मायके धरमपुर आई थी। रात करीब नौ बजे कच्ची ईंटों से बनी दीवार अचानक



गिर गई। दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे सभी लोग दब गए। ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। गंभीर रूप से घायल सविता को लखनऊ रेफर किया गया मगर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि राम प्रवेश, गायत्री, अर्जुन और एक अन्य घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## महिलाओं व युवतियों ने निराजली व्रत रख परिजनों के लिए मांगा आशीर्वाद

आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) ।स्थानीय कस्बे में महिलाओं व किशोरियों ने निरा जली व्रत रखकर मनचिंता माता की पूजा–अर्चना की ।शुक्रवार को शिव हनुमान मंदिर पोखरा पर स्थानीय कस्बा व आस–पास क्षेत्र की



महिलाओं व किशोरियों ने निराजली व्रत रखकर मनचिंता माता से अपने परिवार के दीर्घायु,सुख समृद्धि के लिए जल का अर्धय देकर चावल की दो डिबिया,दो मगरमच्छ ,23 रोड़िया,23 कच्चा धागा,सिंदूर,धूप से बेदी बनाकर अपने–अपने हाथों में बांधकर सुख,समृद्धि की कामना की ।मान्यता है कि दीपावली,भैया–दूज व अन्नकूट मनचिंता माता की पूजा से जहां परिवार में सुख–शान्ति में बढ़ोत्तरी होती है,वहीं मनचिंता महारानी विशेष रूप से खुश होकर मन्नतों को पूरा करती हैं ।इस मौके पर यहां शिव मन्दिर परिसर में मेला का आयोजन मन्दिर के महंत श्याम सुंदर दास व सूरज देवराज ने किया ।जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं व युवतियां रही ।प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरक्षी आशीष यादव,महिला आरक्षी शालिनी सिंह,शिल्पा यादव,कल्पना वर्मा,हिमांशी अवस्थी आदि को लगाया है।

## ग्लोबल हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक


प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्लोबल हॉस्पिटल के संचालकों को राहत देते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है की याची इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत करे और प्रयागराज विकास प्राधिकरण सुनवाई करते हुए नियमों के मुताबिक चार सप्ताह में आदेश पारित करे। यह हॉस्पिटल डेंगू के मरीज को प्लेट लेट्स की बजाय मौसम्बी का जूस चढ़ाने के मामले में चर्चा में आया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बिल्डिंग को अवैध बताते हुए 28 अक्टूबर को ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस चस्पा कर दी थी। मामले में हाई कोर्ट की विशेष खंडपीठ न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी और न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने मालती देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए ध्वस्तीकरण का कार्रवाई पर रोक लगाते हुए याची के मकान का



नक्शा सहित दिए गए प्रत्यावेदन पर विचार करते हुए नए सिरे से आदेश पारित करने के लिए कहा है। याची की ओर से अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा और अधिवक्ता अभय नाथ श्रीवास्तव ने बहस की।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज : हो चुका है कुर्की का आदेश

वाराणसी ब्यूरो : सात साल पुराने प्रतिकार यात्रा के मामले में आरोपी द्वारका ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्व. स्वामी स्वरूपानंद के शिष्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए) सियाराम चौरसिया की अदालत ने खारिज कर दी। अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध एडीजीसी ज्योति शंकर उपाध्याय ने किया। वहीं इस मामले में एक अन्य आरोपी महंत बालक दास की ओर से भी जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी के लिए आवेदन दिया गया है। वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा के गंगा में विसर्जन नहीं करने के विरोध में निकाले गए प्रतिकार यात्रा के दौरान हुए बवाल में दशाश्वमेध थाने में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में बीते दिनों अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, महंत बालक दास सहित 25 लोगों को फरार घोषित किया था। साथ ही, सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उनकी संपत्ति के कुर्की का आदेश पुलिस को दिया था। अदालत ने कहा था कि इस मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट एडीसीपी काशी जोन कोर्ट में पेश करेंगे। कोर्ट के सख्त रुख के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में



आवेदन पत्र दाखिल किया गया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रतिपादित सिद्धांत के दृष्टिगत अभियुक्त को अग्रिम जमानत देने का पर्याप्त आधार नहीं है। कोर्ट के ऑर्डर के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ अन्य आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसमें पंकज सिंह उर्फ डब्लू राय, अरुण पाठक, अजय चौबे, अमरनाथ यादव उर्फ डब्बल, आसित दास भी आरोपी हैं। गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन पर अड़े स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद समेत अन्य लोगों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में पांच अक्तूबर 2015 को मैदागिन स्थित टाउनहाल मैदान से निकली प्रतिकार यात्रा में भगदड़, आगजनी, बवाल हुआ था।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जीवन में कुछ भी पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान : अरशद शरीफ की हत्या के पीछे कौन?

नैरोबी के पूर्व गवर्नर माइक सोन्को कहते हैं कि पाकिस्तानी पत्रकार अरशद मोहम्मद शरीफ की हत्या के लिए केन्या की नेशनल पुलिस सर्विस (एनपीएस) को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। एनपीएस ने स्वीकार किया है कि मगादी की स्थानीय पुलिस को पेनगानी पुलिस स्टेशन से एक सर्कुलर मिलने के बाद गलती से पुलिस ने शरीफ को गोली मार दी।

कभी सेना में कमांडो रहने के बावजूद कायर के रूप में बदनाम रहे पूर्व सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ को आज पाकिस्तान में याद किया जा रहा है। कई वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट में पेश होने से बचने के लिए वह तत्कालीन सैन्य प्रमुख की मदद से पाकिस्तान से दुबई भाग गए थे। मुझे याद है कि उस समय मैं ड्राइव करते हुए सुप्रीम कोर्ट की ओर जा रही थी और वीवीआईपी काफिले को उलटी दिशा में रावलपिंडी की ओर जाते देखकर मैं अवाक रह गई थी।

बाद में हमें पता चला कि पीठ में दर्द का कायराना बहाना बनाने के बाद उन्हें रावलपिंडी के आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। 2019 में पेशावर स्थित विशेष अदालत ने परवेज मुशर्रफ को इमरजेंसी लगाने के बाद संविधान को निलंबित करने के कारण पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद छह के तहत राजद्रोह का दोषी पाया था। उसके बाद से वह दुबई में थे और अत्यंत बीमार थे। वह जेल जाने की आशंका से इतना डरे हुए थे कि जब उनकी मां का इंतकाल हुआ, तो उन्होंने पारंपरिक तरीके से घर में लाकर दफनाने के बजाए उन्हें दुबई में ही दफना दिया।

केन्या में एक मशहूर टीवी एंकर अरशद शरीफ की बर्बर हत्या की घटना की वजह से आज परवेज मुशर्रफ को याद किया जा रहा है। अरशद दुबई में स्व निर्वासन में थे और बाद में वह केन्या भाग गए थे, जहां केन्या की पुलिस ने उन पर हमला किया और उन्हें गोली मार दी। यह पहली बार नहीं है, जब किसी पाकिस्तानी पत्रकार या मानवाधिकार कार्यकर्ता की विदेश में हत्या कर दी गई हो और विदेश की सरकार हत्यारों का पता लगाने में दिलचस्पी न ले।

लेकिन पीपीपी में बेनजीर भुट्टो के एक करीबी सहयोगी रहे फराहतुल्ला बाबर ने एक बार बताया था, श्दुबई में एक इंटरव्यू के दौरान परवेज मुशर्रफ से पाकिस्तान के असंतुष्टों की विदेश में हुई हत्याओं के बारे में पूछा गया था। जवाब में परवेज मुशर्रफ ने इसे सक्रिय कूटनीति बताते हुए कहा था कि हर कोई ऐसा करता है। जब एंकर ने कहा कि यह कूटनीति नहीं, हत्या है, तब परवेज मुशर्रफ ने सिगार का लंबा कश लगाकर ठहाका लगाया था।श

मीडिया और पत्रकार विशेष रूप से इस क्षेत्र में शक्तिशाली शासन के लिए बुरी खबर हैं और रोजाना पत्रकारों को परेशान करने, प्रताड़ित करने, प्रतिबंधित करने, गायब होने या हत्या करने की खबरें आती हैं। बड़े या छोटे लोकतंत्रों में मुझे हमेशा आश्चर्य होता है कि पेशा कितना खतरनाक है, इसके बावजूद हम बहादुर लोगों को इस पेशे में प्रवेश करते देखते हैं। हाल ही में, हमने कुछ भारतीय पत्रकारों के बारे में सुना, जिन्हें पुरस्कार लेने के लिए विदेश जाना था, उन्हें प्रवासन पर रोक दिया गया और उन्हें देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी गई।

ये दो महिलाएं थीं, सना इरशाद मट्टू और राणा अयूब। केन्या में विदेशियों को निशाना बनाने की खबरें आती रहती हैं। हमने भारतीय अधिकारियों के बारे में यह कहते हुए सुना कि वे केन्या पुलिस की अब भंग हो चुकी विशेष सेवा इकाई के प्रमुख के बारे में बहुत परेशान और चिंतित थे, जिस पर कथित तौर पर गायब हुए दो भारतीयों का अपहरण करने का आरोप है। पाकिस्तान की तरह, भारतीय दूत ने भी बालाजी टेलीफिल्म्स के पूर्व सीओओ, भारतीय पत्रकार जुफिकार अहमद खान का मामला उठाने के लिए केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुतो से मुलाकात की।

उसके लापता दोस्त का नाम मोहम्मद जैद सामी किदवई है। पाकिस्तान सरकार अरशद शरीफ की हत्या की जांच के लिए दो सदस्यीय खुफिया टीम केन्या भेज रही है, क्योंकि वह केन्याई अधिकारियों पर निर्भर नहीं रहना चाहती, जिन्होंने अतीत में हुई गोलीबारी की घटनाओं में अपनी पुलिस को बचाने की कोशिश की है। पहले इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी को भी पाकिस्तानी जांच दल में शामिल किया गया था, लेकिन परिजनों और पत्रकार बिरादरी ने मांग की कि उनकी जगह किसी वरिष्ठ पत्रकार और न्यायपालिका के किसी सदस्य को दल का हिस्सा बनाया जाए।

इसकी वजह है आईएसआई पर अविश्वास, क्योंकि अरशद शरीफ ने पाकिस्तान से भागने से पहले एआरवाई टेलीविजन के अपने शो में, जहां से उन्हें बरखास्त कर दिया गया, और सोशल मीडिया में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थन में सेना की तीखी आलोचना की थी। खबरें बताती हैं कि दुबई की सरकार पर दबाव था कि वह अरशद शरीफ को वापस पाकिस्तान भेज दे, जहां उनके खिलाफ राजद्रोह का एक मामला दर्ज है।

केन्या ऐसा देश है, जहां पाकिस्तानियों को वहां पहुंचने पर तुरंत वीजा मिल जाता है, इसीलिए अरशद शरीफ वहां चले गए थे। अब हर कोई यह सवाल पूछ रहा है कि आखिर एक पाकिस्तानी पत्रकार को केन्या में क्यों मारना चाहेगा। क्या पाकिस्तान से किसी ने हत्या का आदेश दिया था या यह वास्तव में गलत पहचान का मामला था, जैसा कि केन्याई सरकार कह रही है? नैरोबी के पूर्व गवर्नर माइक सोन्को कहते हैं कि पाकिस्तानी पत्रकार अरशद मोहम्मद शरीफ की हत्या के लिए केन्या की नेशनल पुलिस सर्विस (एनपीएस) को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

एनपीएस ने स्वीकार किया है कि मगादी की स्थानीय पुलिस को पेनगानी पुलिस स्टेशन से एक सर्कुलर मिलने के बाद गलती से पुलिस ने शरीफ को गोली मार दी। सोन्को का दावा है कि केन्याई पुलिस को पाकिस्तानी नागरिक को यह सोचकर गोली मारने के लिए श्झांसाश दिया गया था कि वह मोटर वाहन चोरी में शामिल था। नैरोबी के पूर्व गवर्नर का दावा है कि एक पाकिस्तानी हत्यारा दस्ता शरीफ का पीछा कर रहा था क्योंकि वह कथित तौर पर नैरोबी और मोम्बासा में कार शोरूम संचालित करने वाले मनी लॉन्ड्रिंग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने वाले थे।

वह दावा करते हैं कि इस मनी लान्ड्रिंग सिंडिकेट में पाकिस्तानी राजनेता और पाकिस्तान के डीप स्टेट (सत्ता के गठजोड़) के सदस्य शामिल थे। हाल ही में पाकिस्तान के शरीफ परिवार के कथित भ्रष्टाचार पर केंद्रित एक आने वाली डॉक्यूमेंटरी की कुछ क्लिपिंग्स जारी हुई हैं। इसमें इमरान खान और पीटीआई के अन्य नेताओं के भ्रष्टाचार के मामलों को भी शामिल किया गया है। इस डॉक्यूमेंटरी का ट्रेलर यूट्यूब पर जारी हो चुका है। ट्रेलर ने पाकिस्तान में हलचल मचा दी है, क्योंकि इसमें पीटीआई के नेताओं के साथ ही पाकिस्तानी पत्रकारों अरशद शरीफ और इरफान हाशमी को भी दिखाया गया है। क्या अरशद शरीफ इस डॉक्यूमेंटरी के कारण मुश्किल में थे? इसका जवाब समय देगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## हादसे के समय सौ के ऊपर थी स्पीड : खंभे से टकराने के बाद तीन बार पलटी टवेरा

प्रयागराज ब्यूरो : हंडिया में टोल प्लाजा से दो सौ मीटर पहले हुए भीषण हादसे को जिसने भी देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। दिल दहला देने वाले हादसे में छह लोगों की असमय जान चली गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए गए हैं। माना जा रहा है कि घटना जिस समय हुई उस समय टवेरा स्पीड सौ किलोमीटर की रफ्तार से रही होगी। कार पहले डिवाइडर से टकराई जिसके बाद चालक ने संतुलन खो दिया। इसके बाद तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराने के बाद तीन बार पलट गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी खी हाईवे के किनारे लगा विद्युत का पोल भी टेढ़ा हो गया। थम नहीं रहे थे लोगों के आंसू, एक झटके में बिखर गया कुनबा सोरांव के शिवगढ़ इलाके में बृहस्पतिवार की शाम अग्रहरि परिवार के छह लोगों के शव एक साथ उठे तो चीत्कार मच गया। परिजन ही नहीं पास–पड़ोस के लोग भी जार–जार रोते रहे। लोगों के आंसू थम नहीं रहे थे। किसी के पास सांत्वना का ऐसा शब्द नहीं था, जो परिजनों को शांत कर सके। आंखों से आंसुओं की धारा बहती रही। शिवगढ़ के रहने वाले अग्रहरि परिवार पर बृहस्पतिवार को जैसे पहाड़ टूट पड़ा। तड़के इस परिवार में खुशियां छाई थीं। दिवंगत श्याम लाल अग्रहरि के चार बेटों में आखिरी नंबर के उमेश के इकलौते बेटे ओजस का मुंडन समारोह था। बुधवार रात से ही विंध्याचल जाने की तैयारियां चल रहीं थीं। गांव के ही इरशाद की कार से उन्हें जाना था। गाड़ी तड़के आ गई। सुबह करीब छह बजे देवी का जयकारा लगाते हुए परिवार के नौ लोग कार से विंध्याचल के लिए चल दिए। किसी भी क्या पता था कि काल उनके पीछे–पीछे ही है। बमुश्किल पौन घंटे बाद ही घर पर दुर्घटना की वह मनहूस खबर आ गई, जिससे परिवार के लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उमेश के बड़े भाई संजय और रमेश खबर पाते ही हंडिया की तरफ भागे। परिवार के अन्य लोग भी भगवान के सामने बैठ कर प्रार्थना करने लगे लेकिन होनी तो हो गई थी। छह लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दोपहर में ही सभी शवों का पोस्टमार्टम किया गया। शाम को करीब सवा चार बजे दो एंबुलेंस से सभी शव शिवगढ़ स्थित घर पर पहुंचे तो हाहाकार मच गया था। एक झटके में पूरा कुनबा बिखर गया था। करीब 15 मिनट बाद ही शवों को अंतिम संस्कार के लिए रवाना कर दिया गया। शिवगढ़ में बंद रहीं दुकानें, नहीं जले चूल्हे शिवगढ़ में हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में पास–पड़ोस के गांव के लोग श्याम लाल के घर पर पहुंच गए थे। शिवगढ़ इलाके में दिन में अधिकतर दुकानें बंद रहीं। गांव में तमाम घरों में चूल्हे नहीं जले। जिसे देखो, वह परिवार की ही बात कर रहा था कि छोटे–छोटे बच्चों का अब क्या होगा। बात करते समय पड़ोसियों की भी आंखें नम हो रही थीं। प्रतापगढ़ से 50 बरस पहले




शिवगढ़ आ गया था श्याम लाल का परिवार सोरांव के शिवगढ़ के रहने वाले श्याम लाल अग्रहरि मूल रूप से प्रतापगढ़ के डेरवा इलाके के रहने वाले थे। शिवगढ़ की रहने वाली कृष्णा देवी से शादी के बाद उन्हें ससुराल की गद्दी मिली तो करीब 50 बरस पहले वह यहीं आ गए। तब से उनका पूरा परिवार शिवगढ़ में ही रह रहा था। श्याम लाल और कृष्णा देवी के चार बेटे हुए। संजय, रमेश, दिनेश और उमेश। श्याम लाल की मौत कई साल पहले ही हो गई थी। तीन वर्ष पहले तीसरे नंबर के बेटे दिनेश की मौत हो गई थी। संजय और रमेश घर पर रहकर खेती–बारी संभालते थे। चौथे नंबर का उमेश गुजरात में रहकर सब्जी बेचने का काम करता था। उमेश की शादी करीब सवा दो वर्ष पहले प्रिया से हुई थी। उमेश और प्रिया के सवा वर्ष के बेटे ओजस का ही मुंडन समारोह था, जहां जाने के परिवार के नौ लोग गाड़ी से निकले थे। परिवार पर काल का ऐसा कहर टूटा कि श्याम लाल के चार बेटों में बड़े संजय की पत्नी रेखा, रमेश की पत्नी रेखा देवी और दिनेश की पत्नी कविता की मौत हो गई। हादसे में श्याम लाल की पत्नी कृष्णा देवी भी नहीं रहीं। रमेश की बेटी न्यासा और उमेश के बेटे ओजस की भी मौत हो गई। रेखा देवी और न्यासा मां–बेटी थीं। सवा वर्ष का ओजस हादसे में चल बसा लेकिन उसके माता पिता उमेश और प्रिया गंभीर रूप से घायल हैं। ओजस का फुफेरा भाई ऋषभ प्रतापगढ़ के कटरा से मुंडन में शरीक होने आया था। वह भी गंभीर रूप से घायल है। गाड़ी चला रहे ड्राइवर इरशाद को भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनाथ हो गए दिनेश और कविता के बच्चे श्याम लाल अग्रहरि के तीसरे बेटे दिनेश अग्रहरि की तीन वर्ष पहले ही मौत हो गई थी। पत्नी कविता ही शायली (14), गुड़िया (12), काजल (10) और शेष (5) को संभाल रही थी। ओजस के मुंडन समारोह में कविता के साथ उसके बच्चे भी जाने की जिद कर रहे थे लेकिन गाड़ी में जगह न होने की वजह से कविता ने अपने बच्चों को समझा बुझाकर रोक दिया। हादसे में कविता की भी मौत हो गई। चारों बच्चे बिलख–बिलख कर रोते रहे। कहा, मां के मरने पर वे अनाथ हो गए। परिवार के अन्य लोग उन्हें ढांढस बंधाते रहे। संजय और रमेश के बच्चों ने भी मां को खो दिया श्याम लाल अग्रहरि के बड़े बेटे संजय की पत्नी रेखा और दूसरे नंबर के बेटे रमेश की पत्नी रेखा देवी की भी हादसे में मौत हो गई। रमेश की बेटी न्यासा ने भी हादसे में दम तोड़ दिया। न्यासा के अलावा रमेश के अन्य बच्चे निशि (16), अलख (18)और निकिता (4) हैं। सभी बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल था। संजय के बच्चे शिवम (17), नेहा (13) और नैंसी (9) के भी आंसू नहीं रुक रहे थे। कृष्णा ने मांगी थी मन्नत, दिवाली पर गुजरात से घर आया था उमेश श्याम लाल अग्रहरि और कृष्णा देवी के चार बेटों में उमेश सबसे छोटा है। उसकी सवा दो वर्ष पहले शादी हुई थी। वह गुजरात में सब्जी बेचकर गुजर बसर करता है। सवा वर्ष पहले जब उमेश को बेटा ओजस हुआ तो मां कृष्णा देवी सबसे ज्यादा खुश थीं। उन्होंने ओजस के जन्म के पहले ही मन्नत मांगी थी कि अगर बेटा हुआ तो वह विंध्याचल में मुंडन करवाएंगी। कुछ समय पहले ही ओजस एक वर्ष का हुआ। उस समय उमेश गुजरात में था। मां कृष्णा देवी ने मन्नत की बात बताई और दिवाली पर घर आने को कहा। उमेश भी दिवाली से पहले गुजरात से घर आ गया था। मां की मन्नत पूरी करने के लिए ही विंध्याचल में मुंडन का कार्यक्रम बनाया गया था। महज 46 किलोमीटर दूर जाने पर हुआ हादसा सोरांव के शिवगढ़ और हंडिया टोल प्लाजा के बीच की दूरी तकरीबन 46 किलोमीटर है। सुबह छह बजे के बाद परिवार वाले गाड़ी से निकले और छह बजकर 40 मिनट पर हादसे का शिकार हो गए।

## सिपाही की सड़क दुर्घटना में मौत पर क्लेम लेने में फर्जीवाड़ा

अलीगढ़ ब्यूरो : मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरणों में फर्जीवाड़े की प्रदेश स्तर पर जांच कर रही एसआईटी (विशेष जांच शाखा) ने अलीगढ़ में भी एक सिपाही के क्लेम आवेदन में फर्जीवाड़ा पकड़ा है। टप्पल में यमुना एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना में सिपाही की मौत के मामले में मृतक की पत्नी के स्तर से किए गए क्लेम आवेदन में एक ऐसी कार को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, जो पहले से दुर्घटना के कई क्लेम में शामिल रही है। साथ में मुकदमा व क्लेम आवेदन में दुर्घटना का समय भी भिन्न पाया गया है। इस आधार पर इस क्लेम आवेदन को फर्जीवाड़े से जुड़ा करार देकर मृत सिपाही की पत्नी सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसआईटी की ओर से यह मुकदमा सिविल लाइंस में दर्ज कराया गया है। साथ में मुकदमे की विवेचना भी एसआईटी स्तर से ही की जाएगी। यह मुकदमा एसआईटी लखनऊ के इंस्पेक्टर श्रवण कुमार यादव की ओर से कराया गया है। आरोप है कि मूल रूप से हनुमान नगर एत्माद्दोला आगरा निवासी सिपाही अनिल कुमार की टप्पल में तैनाती थी। 4 सितंबर 2013 को अनिल अपने साथी हेड कांस्टेबल भूपेंद्र आदि के साथ गश्त पर थे। रात करीब 10:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही अनिल की मौत हो गई। इसका मुकदमा भूपेंद्र की ओर से दर्ज कराया गया। दुर्घटना का समय 10रू30 बजे बताया गया और अज्ञात कार द्वारा गांव जिकरपुर के दो चश्मदीदों की मदद से टक्कर मारना बताया गया। बाद में इस मामले में जमालपुर सिविल लाइंस के महेंद्र पाल सिंह की सफेद रंग की मारूती 800 कार को दुर्घटना का जिम्मेदार बताकर उसके चालक अनिल की दुर्घटना में गिरफ्तारी हुई। अदालत से चालक की जमानत हुई और कार को रिलीज किया गया। इस मामले में मृत सिपाही अनिल की पत्नी राधा देवी की ओर से एमएसीटी कोर्ट में मोटर दुर्घटना क्लेम के लिए 67 लाख 80 हजार रुपये आवेदन किए गए। इसमें दुर्घटना का समय 6:30 बजे शाम का बताया गया। इस आधार पर अदालत ने क्लेम का आवेदन खारिज कर दिया। इस मामले में वह हाईकोर्ट तक गए। इसी बीच क्लेम मामलों के फर्जीवाड़े को लेकर 2020 में एसआईटी गठित की गई। जिसे लेकर जांच शुरू हुई तो जांच में पाया गया कि अनिल की मौत के मामले में जिस कार को जिम्मेदार मानकर क्लेम आवेदन किया गया था, वह कार और उसका चालक अनिल को पहले भी कई क्लेम में प्रयोग किया गया है। साथ में बयानों में दुर्घटना समय भिन्न है। पुलिस मुकदमे में रात 10रू30 बजे और क्लेम आवेदन में गवाहों के बयानों में शाम 6रू30 बजे का समय दर्शाया गया है। इस आधार पर एसआईटी ने मृत सिपाही अनिल की पत्नी राधा देवी, गांव जिकरपुर टप्पल निवासी चश्चमदीद गवाह अमित व मुकेश, साथी हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कार स्वामी महेंद्रपाल सिंह व चालक अनिल को आरोपी बनाया है। आरोपी कार चालक अनिल की 2018 में मौत हो चुकी है, इसलिए उसे मुकदमे से अलग किया गया है। अब इस मुकदमे की विवेचना एसआईटी स्तर से ही की जाएगी। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने इस मुकदमे की पुष्टि की है।

## अन्य विधाओं के चिकित्सक भी एलोपैथिक के समान मानदेय के हकदार –हाईकोर्ट

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि सरकारी अस्पतालों में तैनात आयुष व अन्य विधाओं के चिकित्सक भी एलोपैथी चिकित्सकों के समान मानदेय और अन्य सुविधाएं पाने के हकदार हैं। इनके बीच विभेद नहीं किया जा सकता। इस महत्वपूर्ण नजीर के साथ कोर्ट ने प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य के 29 मार्च 2019 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें याची आयुष चिकित्सकों के एलोपैथिक के समान मानदेय की मांग वाले प्रत्यावेदन को खारिज कर दिया गया था। न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने डॉ. राम सुरेश राय समेत 29 चिकित्सकों की याचिका पर आदेश दिया कि 14 नवंबर, 2014 के सरकारी आदेश से लागू की गई स्पेशल एश्योर्ड कॅरिअर प्रोग्रेसन (एसएसीपी) योजना अन्य विधाओं के चिकित्सा अधिकारियों पर भी लागू होगी। याचियों का कहना था कि वे आयुष चिकित्सक है और संविदा पर एनआरएचएम योजना के तहत कार्यरत हैं। समय–समय पर उनका नवीनीकरण होता रहा है। जब उन्होंने अपने समान कार्यरत एलोपैथिक डॉक्टरों के बराबर मानदेय दिए जाने का प्रत्यावेदन दिया तो उसे प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने पीएचएमएस संवर्ग के चिकित्सकों को



मिलने वाले एसएसीपी के लाभ की तिथि से ही आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को भी इसका लाभ दिलाए जाने की गुजारिश की थी। कोर्ट ने कहा 'सवाल यह है कि सरकार ऐसी कोई नीति तय कर सकती है जो विभिन्न विधाओं के चिकित्सा अधिकारियों के बीच विभेदकारी हो? जबकि सभी विधाओं के चिकित्सक मरीजों का समान रुप से इलाज करते हों। एसीपी योजना के मद्देनजर, आयुर्वेदिक व अन्य विधाओं के चिकित्सा अधिकारियों को योजना से अलग रखने की प्रशासनिक नीति निश्चित रूप से विभेदकारी है।'

## गुमटी में शार्ट सर्किट से लगी आग : हजारों का सामान जलकर राख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली के पुलिस चौकी थानागद्दी अंतर्गत थानागद्दी बाजार में गुरुवार की देर रात एक गुमटी में शार्ट सर्किट से आग लगने से लगभग 70 हजार का सामान जलकर राख हो गया। मामले के पुलिस जांच कर रही है। थानागद्दी के जाखिया पुरवा निवासी सत्यनारायण सिंह की थानागद्दी–वाराणसी स्टैंड पर पान की दुकान है। वह गुरुवार की रात नौ बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गये। देर रात शार्ट सर्किट के चलते गुमटी की दुकान में आग लग गई।अगलगी की इस घटना में लगभग 70 हजार का सामान जलकर राख हो गया। सुबह होने पर आस पास के लोगो ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दी। पीड़ित दुकानदार की जीविका का



साधन यही पान की दुकान थी। घटना की जानकारी पीड़ित ने थानागद्दी चौकी में लिखित में दी है। थानागद्दी चौकी इंचार्ज रोहित मिश्रा ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है ।

## बंदियों के इलाज में मांगी जा रही है धनराशि तो पुलिस को दें सूचना

अलीगढ़ ब्यूरो : जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के परिजनों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फोन करके उनकी बीमारी की झूठी सूचना देकर उपचार एवं जांच आदि के नाम पर रुपये देने की मांग की जा रही है। इस तरह की शिकायतें जेल में निरुद्ध बंदियों ने जेल प्रशासन से की है। बंदियों के परिजनों से विभिन्न प्रकार के डिजिटल माध्यम गूगल पे, फोन पे, पेटीएम या फिर किसी बैंक खाते में पैसे भेजने की मांग की गई है। इस पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बंदियों के परिवारों से अपील की है कि वह किसी भी तरह की फर्जी फोन कॉल प्राप्त होने पर तत्काल इलाकाई पुलिस को सूचना दें। जिला कारागार में निरुद्ध किसी भी परिजन के स्वास्थ्य की जानकारी के लिए कारागार के मुख्य द्वार के फोन नंबर 0571–2406337 अथवा जेलर के मोबाइल नंबर 9454418185 एवं वरिष्ठ जेल अधीक्षक के मोबाइल नंबर 9454418184 पर संपर्क कर सकते हैं। इसको लेकर वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा है कि जिला कारागार में निरुद्ध प्रत्येक बंदी के उपचार के लिए जेल में एक चिकित्सालय है। वहां पर बीमार बंदियों को कारागार के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के स्तर से निरूशुल्क इलाज एवं आवश्यकता पड़ने पर बेहतर इलाज के लिए बंदियों को जेल से बाहर जिला चिकित्सालय, जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। यह इलाज पूरी तरह से निरूशुल्क होता है। किसी भी बंदी अथवा उसके परिजनों से इलाज के लिए कोई धनराशि नहीं ली जाती है। वरिष्ठ जेल अधीखक ने कहा कि किसी के बहकावे में न आएं। कारागार में बंदियों के लिए प्रदेश सरकार के मानक के अनुरूप इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसी बंदी के बीमार होने की दशा में जेल से बाहर चिकित्सालयों में इलाज के लिए भर्ती होने पर इसकी लिखित सूचना कारागार प्रशासन की ओर से बंदी के परिजनों को भेजी जाती है।

## जेल में भाइयों से मिलकर छलछला उठे बहनों के नैन

अलीगढ़ ब्यूरो : भाई दूज पर जेल के अंदर बंद अपने भाइयों से मिलने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और दीर्घायु की कामना की। भाई–बहन के इस अटूट प्रेम बंधन के सुअवसर पर जब भाइयों को तिलक कर बहनें लौटने लगीं तब उनके आंसुओं से छलछला उठे नैन देखकर जेल के अंदर मौजूद अन्य लोग भी कुछ क्षणों के लिए भावुक हो उठे। भाईदूज पर 1890 बहनों और 741 बच्चों ने अपने भाइयों से मुलाकात की। वहीं 28 पुरुष ने भी जेल में बंद अपनी बहनों से मिलने पहुंचे। जेल प्रशासन ने भाई दूज के लिए विशेष व्यवस्था की थी। सभी बहनों को जेल के अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बहनों के लिए विशेष रूप से अपने भाइयों से मिलने की अनुमति दी गई थी। बहनों ने जेल में बंद अपने भाइयों को टीका किया और उनकी लंबी उम्र की दुआएं मांगीं। भाइयों ने भी इस मौके पर अपनी बहनों की रक्षा का वचन दिया। भाई दूज का टीका करते समय बहनें खुश होने के साथ ही भावुक हो गईं। भैया दूज पर बहनों ने सुबह से ही व्रत रखकर अपने भाई के लंबी उम्र की कामना की। भाई को टीका करने के बाद



ही उन्होंने अपना व्रत खोला। वहीं बंदियों के परिजनों की भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। लंबी लाइन लगी होने से बहनों को अपने भाइयों से मुलाकात करने में काफी देर तक इंतजार भी करना पड़ा। जब उनकी अपने भाइयों से मुलाकात हुई तो वह तमाम परेशानियों को भूल गईं और उनके चेहरे पर मुस्कान छा गई। हालांकि वापसी के समय उनकी आंखें छलछला उठीं। इस दौरान कई बहनें अपने जज्बात पर काबू न रख सकीं और बिलख पड़ीं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बड़ी संख्या में मुस्लिम बहनों ने भी जेल में पहुंचकर बंद भाइयों से मुलाकात की।

## निकाय चुनाव के तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में जिला की बैठक हुई निसमे निकाय चुनाव से संबंधित विस्तार से चर्चा हुई। इसमें मंडल के सभी मण्डल अध्यक्ष और उनके महामंत्री एवं मोर्चा के जिलाध्यक्ष और उनके महामंत्री और आई टी, शोशल मीडिया और मीडिया के जिला संयोजक मौजूद रहे। जिसमे कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की बूथ स्तर पर टीमें गठित करने की एवं सभी वार्डों में बूथ अध्यक्ष के अलावा दो–दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई। साथ ही वोटर लिस्ट के सत्यापन पर भी चर्चा हुई इसमें निकाय और वार्ड स्तर तक की रणनीति बनाई गई इसके बाद सभी वार्डों में प्रभारी नियुक्त किए गये। बैठक का सुभारम्भ पार्टी के पुरोधा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सन्तोष सिंह, राकेश वर्मा जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा, अभय राय, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, ओमप्रकाश सिंह, आमोद सिंह, सिद्दार्थ राय, रोहन सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, अनिल गुप्ता, अजय सरोज, सुरेश धुरिया, मेराज हैदर, इन्द्रसेन सिंह, अवनीश





यादव, राजकुमार जायसवाल, जितेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, प्रबुद्ध दुबे मण्डल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, विनोद मौर्य, धर्मेन्द्र मिश्रा, सुनील अग्रहरि, हृदय नारायण शुक्ला, वंश बहादुर पाल, जितेन्द्र मिश्रा, शैलेश सिंह, अजय मिश्रा, भूपेश सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विक्रम सिंह सनी, महेंद्र बिंद, संतोष गुप्ता, दिलीप शर्मा विवेक एवं प्रत्येक मण्डल से मण्डल महामंत्री भी उपस्थित रहें।

## धूमधाम से मनाया गया श्री चित्रगुप्त महोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कलम दवात पूजा के अवसर पर धूम धाम से श्री चित्रगुप्त महोत्सव का आयोजन हुआ । पूर्व आइ जी पुष्पक ज्योति ने कहाँ की जाति धर्म से ऊपर उठ कर समाज के लिए कार्य करने की जरूरत है । उन्होंने याद दिलाया की करोना काल के दौरान सामाजिक संगठनो ने जिस तन्मयता से सहयोग किया वह केवल हिंदुस्तान में ही दिखता है । उन्होंने इस पावन पर्व पर एक साथ भगवान श्री चित्रगुप्त जी के जन्मोत्सव को मानने पर सभी को बधाई दी । वरिष्ठ पत्रकार और समाज सेवी प्रखर मिश्रा ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी के बिषय में सभी लोगों को विस्तृत रूप से बताया । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा देहरादून स्थित राम मंदिर में कलम दवात पूजा के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त महोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सभी समाज के लोगों ने सिरकत किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया की यमदेव के मुख्य सहायक भगवान श्री चित्रगुप्त जी के वंशज कायस्थ समाज में कलम दवात का आज विशेष पूजन होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त सभी के कर्मो का लेखा–जोखा रखने का कार्य करते हैं। इसलिए इनका मुख्य कार्य लेखानी से जोड़कर देखा जाता है, यही कारण है कि भाई दूज के दिन चित्रगुप्त जी के प्रतिरूप के तौर पर कलम या लेखनी का पूजन भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, चित्रगुप्त जी का पूजन करने से बुद्धि, वाणी और लेखानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय पार्षद संगीता गुप्ता और एबीकेएम के पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में मशहूर भजन गायिका




रेखा शर्मा और पीयूष निगम के द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी के भाजनों ने समा बाधा ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सर्वेश माथुर ,बिधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मोहन श्रीवास्तव , राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रवि सरन , महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अनिता सक्सेना , प्रदेश कोषाध्यक्ष हितेंद्र सक्सेना , युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सक्सेना , प्रदेश सह संगठन मंत्री सुशील सक्सेना , देहरादून के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव , जिला महासचिव अभय श्रीवास्तव , डी के निगम , डा ज्योति श्रीवास्तव , ए एस वर्मा , हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद बाधवा , निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश चौतन्य यादव , समाज सेवी विशाल वर्मा के साथ मातृशक्ति शालिनी सक्सेना , सोनी सक्सेना , कीर्ति निगम , रीता श्रीवास्तव , सुनीता श्रीवास्तव ,सीमा माथुर ,दिव्या सक्सेना ,श्री राम अवतार , हिमांशु सक्सेना , ब्रिजेश शुक्ला , दिनेश शर्मा , श्री मति अंजु श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगों ने सिरकत किया । कार्यक्रम में भजन गायन के उपरांत विधि विधान के साथ पूजा सम्पन्न हुआ जिसमें हवन में उपस्थित लोगों के साथ साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट का स्थापना दिवस और सम्मान समारोह संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने मिशन शक्ति के अंतर्गत युवतियों और महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह और सम्मान समारोह का आयोजन नगर के एक होटल में सम्पन्न हुआ! कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती माया टंडन जी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन जी और पद्मिनी सिंह जी ने दीप प्रज्वलित करके किया, बाल कलाकार अतुलिका सिंह द्वारा गणेश वंदना ने सबको अपने ओर आकर्षित किया,! इस मौके पर मुख्य अतिथि माया दिनेश टण्डन ने कहा कि अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट हमेशा निःस्वार्थभाव से समाजसेवा करती रहती है । ट्रस्ट ने कई मरीजो को रक्त की व्यवस्था कराकर उनकी जान बचा चुकी है, मानव सेवा से बढकर को धर्म नही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पत्रकार सम्मान, के साथ विविध क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण ले रहे महिलाओ और बच्चियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, उसके बाद वृद्धा आश्रम से आए हुए वृद्ध जनों को ट्रस्ट द् और अतिथियों द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,लोगों के आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम में लकी ड्रा कूपन का आयोजन रहा , जिसमें प्रथम पुरस्कार आराध्या सिंह, द्वितीय राजेश सिंह टोनी, और तृतीय पुरस्कार बादल



यादव ने प्राप्त किया! संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिँह ने कहा कि अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट समय समय पर जागरूकता संदेश के साथ क्षेत्र में हमेशा महिलाओ और बुजुर्गों के सम्मान में निरन्तर कार्य करती रहती है, उन्हों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय समय पर करना महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की एक छोटी सी मुहिम है!कार्यक्रम का शानदार संचालन सलमान शेख और सागर सोलंकी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधिका सिंह, नागेंद्र सिंह, डॉ प्रवेश सिंह, कंचन सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मनीष सिंह, दीक्षा सिंह रजत सिंह, पिंकू मौर्य, मीरा अग्रहरी साधना सिंह, मीनाज शेख, अमित गुप्ता राजेश श्रीवास्तव, अजित सिंह, कमर हसनैन दीपू, आशीष माली दीपक श्रीवास्तव, विद्याधर राय, ज्ञान चंद गुप्ता, अमर सोनी सुरज सेठ, राहिल शेख, अतुल सिंह विकास तिवारी डॉ अब्बासी, अश्विनी सिंह सन्तोष सिंह, सुरज जायसवाल देवेन्द्र खरे, पंकज सिन्हा, सैली गगन, संजय उपाध्याय तामीर हासन अन्य सम्मानित लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे!

## चित्रगुप्त सभा ने किया चित्रगुप्त पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री चित्रगुप्त पूजन का भव्य आयोजन श्री चित्रगुप्त सभा जौनपुर द्वारा श्री चित्रगुप्त धर्मशाला शिवालय रूहट्टा जौनपुर में चित्रगुप्त भगवान के मंदिर में श्री चित्रगुप्त पूजन उत्सव एवं कलम दवात पूजन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों चित्रांश बंधुओं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेंद्र नाथ श्रीवास्तव एडवोकेट अध्यक्ष ने की तथा महामंत्री श्यामल कांत श्रीवास्तव एडवोकेट, संयुक्त मंत्री मोहन शंकर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव ,आनंद शंकर श्रीवास्तव एडवोकेट प्रबंधक मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक मीडिया प्रभारी, दयाल शरण, राजेश श्रीवास्तव ,अनिल श्रीवास्तव चौकिया, विनय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव ,प्रभात श्रीवास्तव आदि सहित चित्रांश बंधु उपस्थित रहे । श्री चित्रगुप्त पूजन हवन पंडित ओम प्रकाश शुक्ला ने संपन्न कराया। उक्त अवसर पर संस्था द्वारा समस्त चित्रांश बंधुओं को लेखनी भेंट की गई । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव मुन्ना ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव पत्रकार द्वारा दिया गया।



## एल.पी.एस. आनंद नगर में एलुमनाई मीट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज की आनंद नगर शाखा एवं सेक्टर – 9 वृंदावन योजना शाखा के पूर्व छात्र– छात्राओं का मिलन समारोह हुआ। इस अवसर पर आनंद नगर शाखा के 1988 बैच से लेकर अब तक के करीब 600 छात्र– छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें सौरभ कटियार( आई.ए.एस.), श्रद्धा यादव (आई. एफ. एस. ),सहित बड़े–बड़े पदों पर अपनी सेवाएं देने वाले लखनऊ पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र– छात्राओं ने हिस्सा लिया स इसके अतिरिक्त विभिन्न देशों में कार्यरत छात्र– छात्राएं इस मिलन समारोह में ऑनलाइन जुड़े थे स आनंद नगर शाखा में संस्थापक– महा प्रबंधक डॉ. एस.पी. सिंह, सीनियर डायरेक्टर आशा सिंह, प्रिंसिपल मीना तिवारी एवं सुनंदा माथुर , मुख्य निरीक्षका– सुचित्रा चक्रवर्ती तथा सेक्टर –9 वृंदावन योजना शाखा में डायरेक्टर हर्षित सिंह एवं प्रिंसिपल डॉ रुपाली पटेल ने सभी पूर्व छात्र छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया । अपने उद्बोधन में डॉ .एस. पी.सिंह ने कहा की एल.पी. एस. को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले यह सभी छात्र–छात्राएं पूरे देश और समाज की धरोहर होने के साथ ही साथ वर्तमान में अध्यनरत छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं।



## स्कूली बच्चों ने प्लास्टिक का उपयोग न करने की ली शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिटी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर बच्चो में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्लास्टिक,पॉलीथिन का प्रयोग न करने और कराने की बच्चों ने शपथ दिलाई गई साथ ही उसके दुष्परिणामों के प्रति बच्चों ने अभिभावकों को जागरूक किया गया।विद्यालय के बच्चों द्वारा दुकानदारों से प्लास्टिक बैग व थैलें न मांगने, पुनः उपयोग में लाई जा सकने वाले काकरी का उपयोग करने और कराने पर बल दिया गया।सिंगल प्लास्टिक का बहिष्कार करने,प्राकृतिक संसाधनों नदी, तालाब, झील और समुद्र आदि में प्लास्टिक सहित कचरे न फेंकने,धर्म,विद्यालय ,कार्यस्थल पर किसी उत्सव कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक के बर्तनों का बहिष्कार करने तथा सप्ताह में एक दिन 10 लोगों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की बच्चो को शपथ दिलाई गई।विद्यालय के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने बच्चों व उनके अभिभावकों से अपील की गई कि वे पॉलिथीन समेत किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग ना करें इसकी बजाय कपड़े या जूट की थैलों के इस्तेमाल की आदत अपने जीवन में डालें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा,शिव चंद तिवारी,रंजीत गुप्ता, नीरज मिश्रा, सारिबा, मधु, सुमन, रेनू , किरण, कंचन, अभिषेक, जगत , सुष्मिता, प्रिया व शालिनी आदि लोग मौजूद रहे।

## सडक दुर्घटना में दो युवक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के दो अलग जगहों पर हुए सडक दूर्घटना में दो लोग घायल हो गए सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र ताखा पूरब गाँव निवासी दिनेश कुमार पांडेय (50)पुत्र शिवपूजन पांडेय बृहस्पतिवार की शाम बाइक से आजमगढ़ की तरफ से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही नई सब्जी मंडी समीप पहुचे सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । वही दूसरी घटना सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र के जगदीश पुर अल्लीपुर गांव निवासी शनी सिंह (28)पुत्र अरुण सिंह शुक्रवार की सुबह बाइक से शाहगंज आ रहे थे। फैजाबाद रोड स्थित चिरैया मोड समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर दिनेश कुमार को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## 2024 तक बन जायेगा सिकरारा में 100 बेड का अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास क्षेत्र अभी तक स्वास्थ्य सुविधाओं से उतना संतृप्त नहीं हो सका था जितनी अपेक्षा थी। शीघ्र ही यहाँ के लोगों को क्षेत्र में ही आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल की मुराद पूरी होने जा रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के प्रेम राज पुर में अक्टूबर 2024 तक 100 बेड का चिकित्सालय बन कर तैयार हो जाएगा। इस तरह के अस्पताल की काफी दिनों से क्षेत्रवासियों की मांग थी जो अब पूरी होने जा रही है। मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रदेश में 2020 में उप चुनाव की अधिसूचना के कुछ घण्टे पहले अपने जौनपुर दौरे के समय क्षेत्र के कलवारी गांव निवासी डीएनए वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ लालजी सिंह के नाम पर 100 बेड के अस्पताल निर्माण की घोषणा की थी। मुख्य मंत्री की घोषणा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा को उच्चीकृत कर 100 शैया युक्त चिकित्सालय निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। यह अस्पताल सिकरारा बरईपार रोड से प्रेमराजपुर बन्सफा लिंक मार्ग पर लगभग 700 मीटर दूरी पर बनने जा रहा है। प्रारम्भ में यह क्षेत्र के लखौवा में प्रस्तावित था। वहाँ जमीन सम्बन्धी अड़चन आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अन्यत्र जमीन तलाश रहा था।पूर्व सांसद धनन्जय सिंह की पहल पर यह प्रेमराज पुर में अनुमोदित हुआ।इसके बन जाने से क्षेत्र वासियो को अपने गांव के करीब ही बेहतर स्वाथ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। सिकरारा पीएचसी व सीएचसी दोनो क्षेत्र के दो किनारों पर अवस्थित हैं।ऐसे में लोगों को यहाँ की सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। मजबूरन लोग नगर स्थित अस्पताल या प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज कराने जाते रहे हैं। उक्त सन्दर्भ सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने दूरभाष पर बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन में सिकरारा सीएचसी को उच्चीकृत कर 100बेड का अस्पताल प्रेमराजपुर में बनाया जा रहा है। इसके निर्माण में अनुमानित लागत 4559.73 लाख आएगी। उम्मीद है कि यह अक्टूबर 2024 तक बन कर तैयार हो जाएगा।

## 65 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंरद गांव के एक मकान में गुरुवार की रात कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर अवैध स्लाटर हाउस पकड़ा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय अपने हमराहियों के साथ गुरुवार की रात क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि अरंद गांव स्थित एक मकान में गोवंश काट कर बेचा जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने उक्त मकान पर छापा मारा छापेमारी के दौरान रिजवान पुत्र एजाज निवासी उसरहटा शाहगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 65 किलो प्रतिबंधित मांस दो ठीहा दो चाकू दो बांका बरामद किया। पुलिस ने मांस के अवशेष को सुरक्षित करते हुए परीक्षण के लिए भेज दिया। मौके से गिरफ्तार पशु तस्कर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय भेज दिया।इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अरंद गांव में एक स्लाटर हाउस में छापेमारी की गई है। जिसमें 65 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं पाबंद कर चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को शिक्षक धरातल पर लाने का करें काम – रमेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ब्लाक परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया! संगोष्ठी में प्रधानाध्यापकों एवं ग्रामप्रधानो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया! मुख्य अतिथि विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा निति पर शिक्षक मनोयोग से काम करें ताकि 2025–26 तक निपुण भारत की कल्पना साकार हो सके! परिषदीय विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों के खाते में हमारी सरकार ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर , बैग तथा स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये की धनराशि डायरेक्ट उनके खाते में भेजने का काम कर रही है! इस योजना का लाभ सभी बच्चों को बगैर भेदभाव के आप सब दिलाना सुनिश्चित करें! आधार न बन पाने के कारण काफी बच्चों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है! आप सब अभियान चला कर ऐसे बच्चों का आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें! ताकि वंचित बच्चे भी डीबीटी जैसी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठा सकें! विद्यालयों के कायाकल्प कराए जाने के बाबत उन्होंने कहा कि ग्रामप्रधान व प्रधानाध्यापक की सहभागिता कायाकल्प के लिए बरदान साबित हो रहा है! ऐसे में दोनों लोग समन्वय स्थापित कर 19 पैरामीटर पर कायाकल्प को अमली जामा पहनाने का करें! ब्लाक क्षेत्र में 26 विद्यालय 19 पैरामीटर पर संतृप्त हो चुके हैं, 67 विद्यालय 18 पैरामीटर तक कामयाबी हासिल कर कायाकल्प को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास रत हैं! संगोष्ठी की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख आशा यादव के प्रतिनिधि अशोक यादव तथा संचालन ए आर पी साइंस उमेश दुबे ने किया! आगन्तुकों के प्रति आभार खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया! मौके पर खण्ड विकास अधिकारी श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह, डॉ यामिनी सिंह, नमिता मिश्रा, डॉ ज्योति मिश्रा , कैलास नाथ रजक, राजभारत मिश्र, राकेश पाल, उमेश चतुर्वेदी, रायसाहब यादव, ममता यादव आदि लोग मौजूद रहे!

## छत के रास्ते घर में घुसकर चोरों ने नकदी समेत लाखों का जेवर किया पार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत थानागद्दी के जाखिया पुरवा में बीती रात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर नकदी समेत लाखों रुपये के गहने चुरा ले गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चोरी को संदिग्धा मान जांच कर रही है। विवरण के अनुसार थानागद्दी के जाखिया पुरवा निवासी झगड़ू सिंह के घर गुरुवार की देर रात चोर छत के रास्ते मकान में घुस गए । सीढ़ी के सहारे अंदर कमरों में पहुंच गए ।पीड़ितों के अनुसार चोरों ने इस दौरान घर के अंदर के सभी कमरों को खंगाल डाला। मजे की बात है कि कि पूरे घर को दबे पांव खंगाल डाला पर छत और बरामदे में सो रही महिलाओं को भनक तक नहीं लगी। आलमारी, अटैची और बक्सों में रखे लाखों के जेवर, नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी करने में चोर सफल रहे ।आज शुक्रवार को तड़के जब घर की महिलाओं की नींद खुली तो सभी ने देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और कमरे के दरवाजे भी खुले है। इसको देख महिलाए चिल्लाने लगी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दिया ।जानकारी मिलते ही चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन मव जुट गयीं। गृहस्वामी ने बताया कि चोरों ने सोने की चार चूड़ी, चांदी की एक करधनी, दो नथिया, 2 मंगलसूत्र 4 अंगूठी व अन्य चांदी के लगभग पांच लाख के जेवर सहित 15 हजार नकद के अतिरिक्त घर में रखे अन्य कीमती सामान भी उठा ले गए। चोरी की इस घटना कब बाबत चौकी इंचार्ज रोहित मिश्रा का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। बीच गाव में घर है और मकान की छत पर चढने का कोई रास्ता नही है। आलमारी का लाकर नही टूटा और उसमे से गहने गायब है ।फिर भी इस मामले की जांच पडताल की जा रही है।

## विधायक के फोन पर थानाध्यक्ष के बिगड़े बोल पंद्रह हजार पर नहीं अब बीस हजार पर दर्ज होगा मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक का फोन कराना पीड़ित युवक को तब भारी पड़ गया जब थानाध्यक्ष ने पैरवी कर रहे विधायक के फोन से नाराज होकर पीड़ित व्यक्ति को यह कह दिया कि अब तुम्हारा मुकदमा पंद्रह हजार में नहीं बल्कि बीस हजार में दर्ज किया जाएगा। वहीं पीड़ित युवक का आरोप लगाया हुआ वीडियो खूब जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विदित हो कि बीते 03 अक्टूबर को कोचारी गांव निवासी राधेश्याम मौर्या व राजेंद्र मौर्या के बीच जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें राजेंद्र मौर्य की तहरीर पर सुरेरी पुलिस ने बीते 03 अक्टूबर को अपराध संख्या 111 में तीन अभियुक्तों के खिलाफ 308 323 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया। वहीं इसकी जानकारी होने पर विपक्षी राजेंद्र कुमार मौर्य भी अपनी मुकदमा दर्ज कराने की जुगत में लग गए,पीड़ित के आरोप लगे हुए वायरल वीडियो के अनुसार किसी दलाल के माध्यम से पंद्रह हजार में मुकदमा दर्ज करने की बात तय हुई, लेकिन इसी बीच मड़ियाहूं विधायक का फोन थानाध्यक्ष सुरेरी के पास पहुंचा जिसके बाद थानाध्यक्ष पीड़ित पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए यह कह दिये कि अब तुम्हारा मुकदमा पंद्रह हजार में नहीं बल्कि बीस हजार में दर्ज होगा। जिसके बाद पीड़ित ने बीस हजार देकर बीते 08 अक्टूबर को अपराध संख्या 113 में अपने विपक्षी दो लोगों पर 323 504 और 506 का मुकदमा पंजीकृत कराया। वही पीड़ित युवक का आरोप लगाते हुए वीडियो जमकर खूब वायरल हो रहा है कि विधायक से फोन कराने के बाद थानाध्यक्ष द्वारा मुझ पर पांच हजार का और अर्थदंड लगा दिया गया। वही वायरल वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संदर्भ में मड़ियाहूं विधायक डॉ आर के पटेल ने बताया कि वायरल वीडियो मेरे संज्ञान में आया हुआ है जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोपी को नगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कटका गांव निवासी आकाश मिश्रा पर नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था ।पुलिस उक्त की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक और उनके हमराही कस्बे में गश्त कर रहे थे कि उक्त को रोडवेज बस स्टैंड से गिरफ्तार कर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहा से उक्त को जेल भेजा गया है।

# यम द्वितीया पर्व पर चित्रगुप्त मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ कलम दवात पूजा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शहर के हैदरगंज मोहल्ले में स्थित भगवान चित्रगुप्त शिव मंदिर परिसर में यमद्वितीया पर्व पर चित्रांश सेवा समिति द्वारा आयोजित पूजा विधि विधान सहित सम्पन्न हुई।इस मौके पर मुख्य यजमान के रूप में सेवानिवृत्त बिजली विभाग सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ यजमान सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ।उसके बाद वहां पर मौजूद सभी चित्रांश बंधुओं ने कलम दवात की पूजा विधि विधान सहित किया। उन्होंने पश्चात वहां पर मौजूद सभी चित्रांश बंधुओं ने भगवान चित्रगुप्त की आरती उतारी। इस मौके पर पर चित्रांश सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष कैलाश लाल श्रीवास्तव, चित्रांश सेवा समिति के महामंत्री शैलेश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव,जय शंकर श्रीवास्तव,अंशुमाली श्रीवास्तव, सतीश,रमेश श्रीवास्तव,अमित शंकर, शिव शंकर श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव, गुंजन



शंकर, अभिषेक श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, राकेश, अतुल, राजीव, मुकेश,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सोमनाथ श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव सहित कई चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

# थाना कोतवाली रुदौली पुलिस ने अन्तर्राजीय गिरोह के सदस्यों को किया गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रुदौली थाना प्रभारी निरीक्षक शशि कान्त यादव के नेतृत्व में सर्विलांस के प्रयास से क्षेत्र में बैक व मैरिज हाल की रेकी कर छोटे बच्चे के सहारे चोरी की घटना को अंजाम देने वाला अन्तर्राजीय गिरोह के सदस्य को 26 अक्टूबर को धारा 379/411 आईपीसी थाना को0 नगर जनपद अयोध्या व धारा 379/411 आईपीसी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर , से सम्बन्धित अभियुक्त को उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव व उप निरीक्षक अविनाश चन्द्र ने चेकिंग के दौरान बसन्त पुत्र बनवारीलाल निवासी ग्राम कड़िया थाना बोडा जनपद राजगढ मध्य प्रदेश ,कबीर पुत्र बनवारीलाल निवासी ग्राम कड़िया थाना बोडा जनपद राजगढ मध्य प्रदेश, बाबू पुत्र विक्रम निवासी ग्राम कड़िया थाना बोडा जनपद राजगढ मध्य प्रदेश,बाल अपचारी थाना मोगवली जनपद अशोकनगर मध्य प्रदेश को लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर कूढासादात मोड़ के पास बहदग्राम कूढासादात से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है।जिनेक द्वारा जनपद अयोध्या व आस–पास जनपदो व




जनपद हमीरपुर व जनपद मिर्जापुर में बैक से पैसा निकालने व जमा करने वाले व्यक्तियों के पीछे दो पहिया वाहन व साधन से आगे– पीछे लग कर रेकी करते है तथा मौका पाते ही छोटे बच्चो के सहारे बैग में रखा रुपया उठवा लेते है और पैसा पाते ही छोटे बच्चो के बाईक पर बैठाकर भाग जाते है तथा पैसो को इधर–उधर वितरण कर देते है तथा यह लोग शादियो व पार्टियो में ठीक–ठाक कपड़ा पहन कर ब्यक्तियो के साथ मेल–जोल बढाकर सोने चाँदी के जेवर व नगदी लेकर फरार हो जाते है।

# छठ पर पूर्वांचल के लिए 2563 बसें : एमडी ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिए तैयारियां पूरी करने के निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : छठ के मौके पर परिवहन निगम पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक 2563 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। यह जानकारी परिवहन निगम एमडी संजय कुमार ने दी। उन्होंने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को बस अड्डों पर यात्रियों की सुविधाओं के बाबत तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए और बसों के संचालन की रूपरेखा तय करने को कहा। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, दिल्ली से गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, प्रयागराज तक के लिए 2563 अतिरिक्त बसें उपलब्ध रहेंगी। लखनऊ व कानपुर से विशेष रूप से पूर्वांचल के लिए अधिक से अधिक बसें चलाई जाएंगीं। एमडी ने यह भी बताया कि निगम का प्रयास रहेगा कि जो भी पूर्वांचल के लोग पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली से छठ पर्व पर अपने घरों को आए हैं, इनको समुचित यात्रा सुविधा दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि निगम ने प्रोत्साहन योजना 22 से 31 अक्तूबर तक रखी है। परिवहन निगम की हेल्पलाइन 18001802877 और कंट्रोल रूम नंबर 9415049606 पर यात्री जानकारी हासिल कर सकते हैं। लखनऊ से पूर्वांचल के लिए 100 बसें



क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार पुंडीर ने बताया कि लखनऊ से पूर्वांचल के जनपदों के लिए सीधी बस सेवा बृहस्पतिवार से शुरू की गई है। चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग बस स्टेशन और अवध चौराहे से नॉनस्टॉप बस सेवाएं सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक हर घंटे उपलब्ध रहेंगी। साथ ही एसी बसों में ऑनलाइन सीटों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। लखनऊ से पूर्वांचल के क्षेत्रों के लिए 80 साधारण बसें और 20 एसी बसें लगाई गई है जो 31 अक्तूबर तक चलाई जाएंगी।

## बेटों ने पिता को पहले घर से निकाला : अर्थी को कंधा देने से भी किया इनकार

लखनऊ ब्यूरो : ये पंक्तियां रामेश्वर प्रसाद पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। जिनकी अंगुली पकड़कर बेटों ने चलना सीखा, शरीर से लाचार हो जाने पर उन्हें घर से निकाल दिया। 85 साल के बुजुर्ग को वृद्धाश्रम ने पनाह तो दे दी, लेकिन बेटों और बहुओं की यातनाओं को जेहन में लिए घुटते रहे रामेश्वर प्रसाद ने आखिरकार बृहस्पतिवार को दम तोड़ दिया। उम्मीद थी कि जीते जी न सही, मरने के बाद तो बेटों का दिल पसीजेगा। पर, निष्ठुर औलादों ने उनकी अर्थी को कंधा देने तक से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद 181 वन स्टॉप सेंटर और वृद्धाश्रम की टीम ने मानवीय धर्म निभाते हुए उनका अंतिम संस्कार करवाया। 181 वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर अर्चना सिंह ने बताया कि बुजुर्ग रामेश्वर प्रसाद अस्थमा से पीड़ित थे। लगातार बीमार चल रहे थे, उनका इलाज करवाया गया, पर कोई फायदा नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि उनका देहांत हो गया। बेटों को सूचना दी गई, लेकिन जवाब मिला कि वे नहीं आ पाएंगे। खैर दो–तीन घंटे इंतजार के बाद सेंटर के चालक दिनेश और कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील व एसएस वृद्धाश्रम सरोजनीनगर के स्टाफ कुलदीप द्विवेदी और आर्यन पांडे ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। विद्युत शवदाह गृह में हिंदू रीति–रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार करवाया गया। कमाई बंद होते ही बोझ बन गए थे पिता शरीर और



कमाई से लाचार हो जाने के बाद 85 साल के रामेश्वर प्रसाद को बेटों ने घर से निकाल दिया था। वे यूरिन बैग हाथ में पकड़े भटक रहे थे। तब उन्हें वन स्टॉप सेंटर ने वृद्धाश्रम में आश्रय दिलवाया था। सेंटर की पहल पर ही बेटों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था। बाजारखाला पुलिस ने दोनों बेटों विजय और बृजेश के खिलाफ केस दर्ज किया था। अमर उजाला ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित कर बुजुर्ग पिता की वेदना को जग जाहिर किया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पहुंच गई बहू बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है इसलिए बहू ने फोन कर रामेश्वर प्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र मांगा। इसके बाद बहू वृद्धाश्रम भी गई जिससे मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के बाद बेटों पर दर्ज केस को खत्म कराया जा सके।

## डेंगू ने लीं डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या कार्यालय में तैनात दीवान की जान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : प्रदेश मे इन दिनों डेंगू का कहर फैला हुआ है।जिसका असर रामनगरी मे देखने को मिल रहा। पिछले दिनों नवीन मंडी स्थित सीआरपीएफ कैंप मे कार्यरत दर्जनों जवानो को डेंगू ने अपनी चपेट ले लिया।वहीं गुरुवार को डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या कार्यालय मे तैनात दीवान सुल्तानपुर जो कि मूल निवासी मुशीर अहमद की मौत भी डेंगू से हो गयी।जबकि संचारी रोग नियंत्रण की मानें तो नगर निगम के साथ संयुक्त दवा छिड़काव जिले के सभी इलाकों मे कराया जा रहा है।जबकि नगर निगम से चंद दूरी पर स्थित सिविल लाइन इलाके मे इन दिनों मच्छरों का सबसे ज्यादा प्रकोप है।जहां बैठते ही मछरों द्वारा व्यक्ति के पैरो मे खाशा छाप छोड़ जाते है। उसके बाद भी निगम प्रशासन व स्वास्थ्य महकमा अपनी जिम्मेदारियों को केवल अखबारों की सुर्खियों मे ही पूरा कर्ता दिखाई दें रहा है।अब जब पुलिस विभाग के सबसे बड़े अधिकारी के कार्यालय मे ही उनके हकीम ही इसका शिकार हो रहें हैं तो आम आदमी को तो इसकी आदत सी हो गयी है।शायद एक दीवान की मौत के बाद नगर निगम व स्वास्थ्य महकम जागने पर मजबूर हो।

# कलम दवात पूजा पर्व पर चित्रांश सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मेधावियों को किया सम्मानित

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : चित्रांश सेवा ट्रस्ट अयोध्या द्वारा चित्रगुप्त मंदिर हैदरगंज मोहल्ले में कलम दवात पूजा में गुरुवार को जहां एक ओर अनेक चित्रांश बंधुओं ने दोपहर में कलम दवात की पूजा अर्चना किया।वही शाम को चित्रांश सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आयोजित कार्यक्रम में 2021–22 वर्ष की बोर्ड की परीक्षा में अव्वल रहे 22 छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके उनकी प्रतिभा का उत्साह बर्धन किया।वही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया। वही इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम यस म्यूजिकल फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत किया गया।वही अयोध्या के जाने माने कवि अशोक टाटाम्बरी अपनी कविता के माध्यम से बताया की भगवान भगवान चित्रगुप्त सभी कर्मो का लेखा जोखा रखते है इसलिए वे केवल कायस्थ लोगो के ही देवता नहीं बल्कि सभी को उनकी पूजा करनी चाहिए।भगवान चित्रगुप्त की पूजा कथा मंदिर विद्वान पंडित श्री राजेंदर उपाध्याय ने सम्पन्न बिधि विधान के साथ कराया।अंत में इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केध रुप में आये डॉ धीरज श्रीवास्तव ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए बताया की वच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अपनी योग्यता को भी निखारने पर ध्यान देना होगा।मुख्य यजमान सुभाष श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त की जीवनी पर प्रकाश डाला।इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए आवाहन किया की भगवान श्री चित्रगुप्त शिव वर्णो के देवता है का प्रचार प्रसार करना चाहिये।सम्मान पाने वाले में मुख्य रूप से वी एन दास ब्यूरो चीफ नवभारत टाइम अयोध्या,सुभाष श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव अयोध्या,रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राजकरण लाल श्रीवास्तव,शक्तिराज श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव,सुधीर



नारायण श्रीवास्तव पार्षद चौक, मनोज श्रीवास्तव पार्षद देवकाली प्रतिनिधि अयोध्या,एवं आलोक श्रीवास्तव पार्षद प्रतिनिधि तथा व्यवसायी अशोक कुमार श्रीवास्तव,अरविन्द व्यास, अमित शंकर श्रीवास्तव को चित्रांश सम्मान से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान चित्रगुप्त भगवान एवं गणेश वंदना से हुआ। इस मौके पर ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।जिनमे मुख्य रूप से कैलाश लाल श्रीवास्तव (पूर्व अध्यक्ष),कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव,वीरेंद्र श्रीवास्तव,शैलेष श्रीवास्तव सुरेश चंद्र श्रीवास्तव विजय कुमार श्रीवास्तव, रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिन शंकर श्रीवास्तव,अनिल कुमार श्रीवास्तव, जय शंकर श्रीवास्तव साहबगंज, अशोक कुमार श्रीवास्तव शिवशंकर,सोमनाथ श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव आलोक शंकर राजेश श्रीवास्तव मनोज सिन्हा, अश्वनी श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव संजीव श्रीवास्तव रजत श्रीवास्तव कई चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

## नवंबर में निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण होगा शुरू

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इसी वर्ष दिसंबर में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियों को अमली जामा पहनाने जुट गया है। चुनाव को लेकर मतदाता सूची में नाम बढ़वाने और कटाने का काम जारी होने के बीच राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक एक नवंबर से निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण किया जायेगा। आयोग का पत्र मिलने के बाद जिले में एक नगर निगम, एक नगर पालिका और दो नवसृजित समेत कुल पांच पंचायतों के चुनाव के लिये पुनरीक्षण को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि नगर निकाय के निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त मनोज कुमार ओर से अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण एक नवंबर से शुरू होगा। जिसके लिए ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर को किया जायेगा। कार्यक्रम मुताबिक एक नवंबर से सात नवंबर के बीच ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों का निरीक्षण कर दावा और आपत्ति हासिल की जाएगी तथा आठ नवंबर से 12 नवंबर के बीच प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण होगा। वहीं 14 नवंबर से 17 नवंबर के बीच दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरक निर्वाचक सूचियों की पाण्डुलिपि तैयार कराई जाएगी और इसे मूल सूची में यथास्थान समाहित करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद 18 नवंबर को तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन कर दिया जायेगा।

## सरयू स्नान घाट पर डूबते युवक को जल पुलिस के जवान ने सकुशल बचाया

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सरयू स्नान घाट पर स्नान करते समय एक युवक जिसका नाम दिव्यांशु मिश्रा पिता का नाम सरोज मिश्रा निवासी प्रयागराज अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा तभी मोटर बोट से गश्त करते हुए जल पुलिस के तेजतर्रार जवान नित्यानंद यादव की तत्परता से डूबते युवक को सकुशल बचा लिया गया प्रत्यक्षदर्शियों ने जल पुलिस की कार्य कुशलता पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सराहना की और कहा जब से सरयू स्नान घाट पर जल पुलिस की तैनाती हुई है तब से अब तक अधिकतर डूबते लोगों को बचाने में सफलता मिलता रहता है प्रभारी जल पुलिस आर पी मौर्य के मार्गदर्शन में सभी जल पुलिस के जवान मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी को अंजाम देते रहते हैं जिससे कोई अप्रिय घटना घटने नहीं पाती।

# मरीजों को बाहर से दवा लिखने के मामले मे फंसे डॉक्टर : मंडलायुक्त ने अस्पताल का किया निरीक्षण

लखनऊ ब्यूरो : मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डेंगू वार्ड, मलेरिया वार्ड में जाकर मरीजों से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मंडलायुक्त ने मरीजों से बात करते हुए कहा कि कोई भी दवा बाहर से तो नहीं लेनी पड़ रही है सारी दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं इसकी जानकारी लिया। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जो दवाइया अस्पताल में उप्लब्ध है उन दवाईयो को अनावश्यक रूप से बाहर से ना लिखा जाये और जो दवाइयां अस्पताल नहीं उपलब्ध है उन दवाईयो का लिस्ट बनाकर बताया जाये। इस दौरान सिविल अस्पताल के डॉक्टर कुलदीप वर्मा (फिजिशियन) को अस्पताल में दवा उपलब्ध होने के बावजूद बाहर से दवा लिखने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये गये। साथ ही अस्पताल के सभी स्टाफ ड्रेस कोड में रहे. इमरजेंसी ओपीडी में कितने मरीजों का उपचार



किया गया इसकी जानकारी ली. मरीजों के एडमिशन रजिस्टर को चेक कर जानकारी ली कि डॉक्टर अपने समय से राउंड पर आते हैं कि नहीं। संबंधित ने बताया कि अभी डॉक्टर राउंड पर नहीं आये हैं. इस पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संबंधित डॉक्टर नियमित रूप से वार्डो में राउंड पर आना सुनश्चित करें नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# माकपा की बैठक सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी मया की बैठक ग्राम सभा मलखानपुर के सिहोरिया गांव में पार्टी के शाखा सचिव कॉम अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में मुख्यरूप से पार्टी नेता व ट्रेड यूनियन के नेता कॉम के आर यादव मुख्य



रूप से मौजूद रहे और शाखा प्रभारी सत्यभान सिंह जनवादी मौजूद रहे।इस बैठक को सम्बोधित करते हुए शाखा प्रभारी व पार्टी जिला कमेटी सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए हम सबको पूरी ईमानदारी व ताकत के साथ लगना होगा और नए सदस्य बनाना होगा।सरकार की जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक ले जाना होगा ताकि सरकार की विफलताओं को जनता जान सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय सवालों को बड़ी प्रमुखता से उठाना होगा। इसके साथ ही साथ ब्लाक के सभी गांवों के विकास की योजनाओं और कामो की धांधली के खिलाफ भी जनसूचना के तहत जानकारी करके गड़बड़यों के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने की योजना बनाना होगा।ट्रेड यूनियन के प्रांतीय नेता कॉम के आर यादव ने कहा कि आज जब देश नफरत व हिंसा की राजनीति चरम पर हो तो ऐसी दशा में हमारी और जिम्मेदारी बढ़ जाती है।हम सबको एकजुट होकर लड़ना होगा।और पार्टी को मजबूत करने के लिए नबम्बर के अंतिम सप्ताह में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में रिटायर वरिष्ठ प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश सिंह जी,गुड्डू सिंह ,अतुल वर्मा,अनिक वर्मा,सुनील यादव,नागेंद्र पाल,अखिलेश सिंह,गौरव सिंह आदि साथी मौजूद रहे।

# खंडासा थाना क्षेत्र की कटैया भादी गांव में बंद मकान से लाखों की चोरी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : खंडासा थाना क्षेत्र की कटैया भादी गांव में महीनों से बंद एक घर में चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। गृह स्वामिनी की सूचना पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी परिवार के साथ सूरत में रहते हैं कुछ दिनों पूर्व उनकी पत्नी सूरत से घर आई थी लेकिन 1 माह से रिश्तेदारी में रह रही थी। दो दिन पूर्व सुबह पड़ोसी ने घर का दरवाजा खुला देख गृह स्वामिनी को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर घर पहुंची गृह स्वामी ने ने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है आलमारी व ट्रंकों के ताले टूटे हैं। उन्होंने खंडासा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि घर में रखे कीमती कपड़े गहने व वर्तन समेत लाखों रुपए चोरों ने पार कर दिए हैं। उन्होंने खंडासा पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया है। चोरी की घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई है छानबीन कराई जा रही है।

# प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तारुन विकासखड क्षेत्र के नन्सा बाजार में 3 नवंबर से प्रारंभ हो रही प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में देश के कई प्रदेशों के कबड्डी टीमें हिस्सा लेगी। दो दिवसीय स्वर्गीय जगदंबा प्रसाद सिंह और स्वर्गीय बाबा करुणाकर मिश्र राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 3 और 4 नवंबर को नँसा बाजार में किया गया है। आयोजक अजय प्रताप सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता विगत 10 वर्षों से चल रही है। जिसमे बागपत मुजफ्फरनगर, मेरठ ,बनारस, हरियाणा, कानपुर, इलाहाबाद, जम्मू कश्मीर, अयोध्या, अंबेडकर नगर की कबड्डी टीमें प्रतिभाग करेगी। सम्पूर्ण पुरस्कार 1,00000 रुपए का होगा। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए संरक्षक शैलेंद्र नाथ द्विवेदी अनु बाबा, अध्यक्ष अखिलेश सिंह डिप्टी, प्रबंधक अभिषेक सिंह, रोशन, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, उपाध्यक्ष अनिल गोस्वामी सहित आयोजक समिति के लोग प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक तैयारी में जुटे हुए हैं। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के कबड्डी खेल प्रेमियों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।